# 2 किलो 700 ग्राम गांजे के साथ 1 तस्कर गिरफ्तार



खरगोन। जिले में अवैध गांजा तस्करी पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने फिर निगरानी तेज की है। बिस्टान थाना पुलसि ने प्रतिबंधित अवैध गांजा बेचने निकले दो तस्करों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से एक बाईक सहित 2 किलो 700 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत 75 हजार रुपए आंकी गई है। वाले आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की गई है ।

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर भगवानपुरा की ओर से बिस्टान आ रहे बाईक सवारों को बाड़ी रोड़ पर पुलिया के समीप नाकाबंदी कर रोका गया। दोनों ने अपना नाम रितेश पिता शोभाराम बघेल ग्राम बैजापुरा व रवि पिता हुकुम आरोले निवासी ग्राम मगरखेड़ी का होना बताया।

पिट्ठू बैग की तलाशी लेने पर उसमें गांजा मिला। पुलिस ने रितेश व रवि के खिलाफ एनडीपीस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर पूछताछ शुरु की है। अवैध गांजे की तस्करी के नेटवर्क एवं सप्लायर के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

# कलेक्ट्रेट कार्यालय में साप्ताहिक जनसुनवाई का किया गया आयोजन

आलीराजपुर। जिला कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। जनसुनवाई कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने आमजन की शिकायतें सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान कुल 37 आवेदन प्राप्त हुए।

आज की जनसुनवाई में श्री वेस्ता पिता जामसिंह डुडवे निवासी ग्राम बलेडी कनवाड़ा तहसील आलीराजपुर ने तीन पहिया वाहन प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि मैं दोनों पैरों से दिव्यांग हूँ जिसके कारण मुझे चलने-फिरने में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है। दैनिक कार्यों के साथ-साथ आवश्यक स्थानों पर आने-जाने में भी मुझे काफी परेशानी होती है। मेरी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं हैं जिससे में ट्राई साइकिल खरीदने में असमर्थ हूं। मेरी शारीरिक स्थिति को देखते हुए शासन की योजना अनुसार मुझे दिव्यांगजन उपयोगी तीन पहिया वाहन ट्राइसाइकिल प्रदान कराई जाए ताकि मैं अपने दैनिक कार्य आसानी कर सकुं।

इसी प्रकार एक अन्य आवेदन शासकीय महाविद्यालय घटवानी के प्रबंधन ने ग्राम घटवानी स्थित शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय परिसर में पेयजल समस्या के संबंध में आवेदन दिया और बताया कि विद्यालय में लगा हैंडपंप काफी समय से खराब पड़ा हुआ है। हैंडपंप बंद होने के कारण विद्यालय के बच्चों को पीने के पानी के लिए काफी दूर जाना पड़ता है। वहीं आसपास के रहवासियों को भी पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही ग्रामीणों एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा इस समस्या की जानकारी विगत वर्ष से संबंधित विभाग और ग्राम पंचायत को लिखित एवं मौखिक रूप से दी जा चुकी है, लेकिन आज दिनांक तक न तो हैंडपंप की मरम्मत कराई गई है और न ही नया हैंडपंप खनन कराया गया है। उन्होंने विद्यालय परिसर में खराब हैंडपंप को सुधरवाने अथवा नवीन हैंडपंप का खनन कराकर बच्चों एवं ग्रामीणों को शीघ्र पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने उक्त आवेदनों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में भूमि विवाद,अतिक्रमण,जमीनी कब्जा, दिव्यांग पेंशन से संबंधित, हैण्पंघप खनन,अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने , नामांतरण एवं बटवारा जैसी समस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान जनसुनवाई कक्ष में अपर कलेक्टर श्री सोहन कनाश,डिप्टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमें, श्रीमती सविता चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समस्या नहीं, समाधान का हिस्सा बनें- ओम प्रकाश शर्मा

झाबुआ। शासकीय कन्या महाविद्यालय झाबुआ में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के स्थापना दिवस को भारतीय शिक्षा दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रेरक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को राष्ट्र निर्माण और भारतीय संस्कारों के प्रति जागरूक किया गया।

**समाधान का हिस्सा बनें छात्राऐ** -कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सह-संयोजक ओम प्रकाश शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा, जीवन में केवल समस्याओं की चर्चा करने के बजाय उनके समाधान का हिस्सा बनना ही सच्ची शिक्षा है। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं के सर्वांगीण सशक्तीकरण को विकसित भारत की आधारशिला बताते हुए छात्राओं से अपने भीतर आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और भारतीय संस्कार विकसित करने की अपील की।

**महिलाएं राष्ट्र की धुरी- सोलंकी**-कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.अंजना सोलंकी ने कहा कि महिला परिवार, समाज और राष्ट्र की धुरी होती है। यदि महिलाएं तन, मन और धन से सशक्त होंगी, तभी एक सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र का निर्माण संभव है।

**भारतीय परंपरा और जीवन मूल्यों पर चर्चा**-कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि अंबिका टबली प्रांत विद्यालयीन सह-संयोजक ने न्यास की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए भारतीय शिक्षा की गौरवशाली परंपरा से छात्राओं को परिचित कराया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.प्रीति एस.त्रिपाठी ने छात्राओं से अपने जीवन में भारतीय मूल्यों को आत्मसात करने और जन्मदिवस की शुरुआत भारतीय परंपरा के अनुसार सूर्योदय के समय करने का आग्रह किया।

**इनकी रही उपस्थिति**-कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ. प्रीति एस. त्रिपाठी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ.मुकेश अजनार द्वारा किया गया।

इस दौरान अग्रणी महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी डॉ. गोपाल भूरिया, स्वामी विवेकानंद करियर प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ.अनंत सिंह, प्रो.विजय कुमार, प्रो.सुरेश भूरिया, प्रो. ज्योति भावर, डॉ. वंदना मंडलोई, डॉ.राजेश भावर सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# राजपुर में महिला संवाद सम्मेलन, प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे बोली - भाजपा ने बेटियों के जन्म को बनाया उत्सव

**राजपुर/बड़वानी। भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अश्विनी परांजपे का बड़वानी जिले में प्रथम आगमन मंगलवार को राजपुर में हुआ। नगर आगमन पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। नगर परिषद मांगलिक भवन में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं नगर परिषद राजपुर अध्यक्ष शिखा अग्रवाल के नेतृत्व में विशाल महिला संवाद सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में जिले भर से सैकड़ों महिला कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें उपस्थित रहीं।**



### दीप प्रज्वलन से हुई शुरुआत -

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि मंच पर प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सारिका उपाध्याय, प्रशिक्षण प्रभारी शिवानी अडंसपुरकर, पूर्व विधायक चंद्रभागा किराड़े, पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा और नप ठीकरी अध्यक्ष पूजा जायसवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### प्रदेश अध्यक्ष के मुख्य उद्बोधन -

मुख्य अतिथि अश्विनी परांजपे ने कहा कि एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर चलते हुए भाजपा अंत्योदय को समर्पित है। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसा दल है, जिसने दुनिया को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा विश्व नेता दिया है। उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले जहां बेटी के जन्म पर मातम मनाया जाता था, भाजपा सरकार की लाड़ली लक्ष्मी योजना ने उसे उत्सव में बदल दिया। बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा को प्राथमिकता देने से समाज का नजरिया बदला है।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का मंत्र देते हुए उन्होंने कहा कि महिलाएं छोटे-छोटे स्व सहायता समूह बनाकर घरेलू उत्पाद तैयार करें और सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आजीविका सुदृढ़ करें। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रधानमंत्री मोदी का दूरदर्शी निर्णय बताते हुए कहा कि यह कानून पंचायत से लेकर संसद तक महिलाओं को नेतृत्व का अवसर देगा।

अंत में उन्होंने सभी महिलाओं से एकजुट होकर प्रधानमंत्री के हाथ मजबूत करने की अपील की।

### जिला अध्यक्ष ने रखा संगठन का संकल्प -

जिलाध्यक्ष शिखा अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश संगठन ने जो दायित्व सौंपा है उसे सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से बूथ स्तर तक पूरा किया जाएगा।

केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की डॉ मोहन यादव सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना ही महिला मोर्चा का लक्ष्य है। प्रदेश उपाध्यक्ष अंजना पटेल ने कहा कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण देकर प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति को राजनीतिक अधिकारिता प्रदान की है। डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बन रही हैं।

### स्वागत और पौधारोपण -

राजपुर पहुंचने से पूर्व खरगोन से आते समय जुलवानिया में भाजपा मंडल और महिला मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। कार्यक्रम के बाद परांजपे ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर परिषद बगीचे में पौधा भी लगाया। कार्यक्रम का संचालन शीतल तरुण पंडित ने किया

जबकि आभार वंदना राठौड़ ने व्यक्त किया। सम्मेलन में जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, नागरिकों के साथ बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

# लगातार मुद्दा उठाने, डॉ. विक्रांत भूरिया, सेना महेश पटेल और महेश पटेल द्वारा आवाज बुलंद करने के बाद ही सरकार सक्रिय दिखाई दी

## मंत्री और सांसद पर साधा निशाना

**जोबट। कांग्रेस नेताओं ने मंत्री नागर सिंह चौहान और सांसद अनीता नागर सिंह चौहान पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि वे समय रहते पीड़ित परिवार तक पहुंचकर प्रशासन पर कार्रवाई का दबाव बनाते, तो जनता में इतना आक्रोश नहीं होता।**

डॉ. विक्रांत भूरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं गृह विभाग संभाल रहे हैं, लेकिन प्रदेश में महिलाओं, आदिवासियों और आम नागरिकों के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

जोबट विधायक सेना महेश पटेल ने कहा कि बोरी क्षेत्र लंबे समय से अपराधों की चपेट में है। लगातार चोरी, लूट, महिलाओं के साथ अपराध और असामाजिक गतिविधियां बढ़ रही हैं, लेकिन प्रशासन प्रभावी कार्रवाई करने में विफल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा।

पूर्व मंत्री डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ ने कहा कि पीड़ित परिवार को केवल आश्वासन नहीं, बल्कि तत्काल न्याय, आर्थिक सुरक्षा और सम्मानजनक पुनर्वास मिलना चाहिए। विधायक झूमा सोलंकी ने कहा कि आदिवासी समाज की बेटियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता तथा दोषियों को शीघ्र कठोर सजा मिलनी चाहिए।

आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल ने कहा कि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी मंत्री और सांसद पीड़ित परिवार तक नहीं पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों की संवेदनहीनता के कारण क्षेत्र के लोगों का कानून व्यवस्था से विश्वास उठता जा रहा है।

### कानून व्यवस्था पर सरकार को घेरा, आंदोलन की चेतावनी

कांग्रेस जांच समिति ने चेतावनी दी कि यदि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय नहीं मिला, दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई और बोरी क्षेत्र की कानून व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन तेज करेगी। नेताओं ने कहा कि यह केवल एक परिवार का मामला नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की सुरक्षा, महिलाओं के सम्मान और प्रदेश की कानून व्यवस्था का प्रश्न है, जिसके लिए कांग्रेस अंतिम समय तक संघर्ष करती रहेगी।

# अरिहंत युवा वाहिनी की कार्यकारिणी का हुआ गठन



पेटलावद पेटलावद की अग्रणी संस्था अरिहंत युवा वाहिनी के अध्यक्ष व सचिव के नाम की घोषणा के बाद नवीन कार्यकारिणी का गठन अध्यक्ष कमल चाणोदिया व सचिव राहुल मुथा की सहमति से किया गया इसमें उपाध्यक्ष पद पर वरिष्ठ संजय बरबेटा, विपुल भंडारी कमल कोठारी को नियुक्त किया गया वहीं संगठन मंत्री के पद पर महेश भंडारी सहसचिव के पद पर प्रदीप झाड़मता, अंकित कटकानी मीडिया प्रभारी प्रतीक नीमजा को नियुक्त किया गया

समिति के संरक्षक के रूप में पंकज पी पटवा, संजय भंडारी, मनोज वोहरा रहेंगे और परामर्श दाता में दीपेश छजलानी, रूपम पटवा व अनूप मेहता होंगे साथी कड़वा समिति में अनूप मेहता, चिंतन मंडलोई व आनंद सुराणा रहेंगे नई कार्यकारिणी गठन के बाद सभी मनोनीत पदाधिकारी को अध्यक्ष सचिव द्वारा हार्दिक बधाई दी गई

# बोरी की जघन्य घटना : मुख्यमंत्री ने 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की, दोषियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

भोपाल/आलीराजपुर। बोरी में हुई जघन्य घटना को लेकर प्रदेश सरकार लगातार संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई कर रही है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान घटना के बाद से लगातार पुलिस अधीक्षक, स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित अधिकारियों से स्थिति की जानकारी लेते रहे तथा उसी दिन पूरे घटनाक्रम से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि, घटना के अगले दिन कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान, सांसद श्रीमती अनिता चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष (मकू) परवाल, झाबुआ भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भानु भूरिया, पूर्व विधायक श्री माधोसिंह डावर एवं युवा नेता श्री विशाल रावत सहित झाबुआ-आलीराजपुर जिले का भाजपा प्रतिनिधिमंडल बोरी पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया तथा इस कठिन समय में परिवार के साथ मजबूती से खड़े रहने का विश्वास व्यक्त किया। आज भोपाल में कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर घटना की अब तक की विस्तृत जानकारी साझा की तथा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए पीड़ित बहन एवं उनके परिवार के लिए 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत कर दी।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को पीड़िता के उपचार एवं स्वास्थ्य की सतत निगरानी रखने तथा सर्वोत्तम चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस विभाग को दोषियों के विरुद्ध कठोर एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश भी दिए।

# कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने कन्या शिक्षा परिसर उदयगढ़ पहुंचकर छात्राओं की समस्याएं सुनीं

**आलीराजपुर। आलीराजपुर के विकासखंड उदयगढ़ स्थित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर की कुछ छात्राएं अपनी समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय आलीराजपुर के लिए पैदल निकल गईं। उदयगढ़ में प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्राओं से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानने का प्रयास किया, लेकिन छात्राओं ने अपनी बात कलेक्टर के समक्ष रखने की बात कही।**

### भोजन की गुणवत्ता में सुधार के दिए निर्देश, छात्राओं को शिकायतों के लिए उचित माध्यम अपनाने की दी समझाइश

घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वयं उदयगढ़ पहुंचकर छात्राओं से मुलाकात की। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने छात्राओं से सड़क पर ही संवाद कर उनकी समस्याओं और भावनाओं को समझा। इसके बाद छात्राओं को वाहनों के माध्यम से सुरक्षित रूप से शासकीय कन्या शिक्षा परिसर उदयगढ़ वापस पहुंचाया गया। कन्या शिक्षा परिसर पहुंचकर कलेक्टर श्रीमती माथुर ने छात्राओं से विस्तारपूर्वक चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं। छात्राओं ने परिसर में गुणवत्तापूर्ण भोजन नहीं मिलने सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की समस्या बताई। इस पर कलेक्टर ने भोजन की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करने तथा संबंधित व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्राओं को उनकी समस्याओं के उचित निराकरण का भरोसा भी दिलाया। साथ ही छात्राओं ने एक और समस्या में बताया कि कुछ छात्राएं रात में हॉस्टल की खिड़की की जालियों को तोड़ कर बाहर निकली थी। जिस पर कलेक्टर ने उन छात्राओं पर नाराजगी जताई और उनके पालकों को मिलने के लिए छात्रावास बुलाया तथा संबंधित छात्राओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित को दिए।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने छात्राओं को समझाइश देते हुए कहा कि भविष्य में किसी भी समस्या या शिकायत को शिक्षक, वार्डन अथवा संबंधित अधिकारियों के माध्यम से प्रशासन तक पहुंचाएं। बिना किसी शिक्षक, वार्डन अथवा अभिभावक को सूचना दिए इस प्रकार परिसर से बाहर निकलना उचित नहीं है। उन्होंने छात्राओं को अनुशासन बनाए रखने की समझाइश भी दी। साथ ही कलेक्टर ने मंडल संयोजक को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान अपर कलेक्टर, एसडीएम जोबट, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, सीईओ जनपद पंचायत उदयगढ़ सहित प्रशासनिक अमला एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा की जिला बैठक संपन्न, संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर हुआ मंथन

## कांग्रेस नेताओं के अशोभनीय बयानों पर किया पलटवार, निंदा की

आलीराजपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला आलीराजपुर की महत्वपूर्ण जिला बैठक सोमवार को जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा के जिला प्रभारी दिलीप पाटोदिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान कांग्रेस नेताओं के अशोभनीय बयानों पर कड़ी आलोचना करते हुए एक स्वर में निंदा करते हुए निंदा प्रस्ताव रखा गया।

बैठक की शुरुआत भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष (मकू) परवाल के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने जिले में संगठन द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को पूरी सक्रियता एवं समर्पण के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और आगामी कार्यक्रमों में भी सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रभारी दिलीप पाटोदिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण के महान उद्देश्य को लेकर कार्य करता है। व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति भाजपा की कार्यशैली नहीं है, बल्कि संगठन और राष्ट्रहित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि भाजपा सेवा, सुशासन और विकास की राजनीति करती है, जबकि कांग्रेस आज केवल झूठ, भ्रम और षड्यंत्र की राजनीति तक सीमित होकर रह गई है।

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि देशभर में कांग्रेस का जनाधार लगातार समाप्त होता जा रहा है। कांग्रेस के पास जनता के बीच जाने के लिए न तो कोई सकारात्मक एजेंडा बचा है और न ही विकास का कोई विजन। इसलिए वह झूठे और मनगढ़ंत आरोपों के सहारे चुनावी मैदान में उतरने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि जनता अब कांग्रेस की राजनीति को भली-भांति समझ चुकी है और विकास तथा राष्ट्रहित के लिए भाजपा पर लगातार विश्वास जता रही है। जिला प्रभारी श्री पाटोदिया ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, बूथ स्तर तक संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने, %मन की बात% डिजिटल लर्निंग को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने सहित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता से संगठन द्वारा दिए गए दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया।

बैठक को सांसद श्रीमती अनीता चौहान ने भी संबोधित किया। उन्होंने संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और इसी शक्ति के बल पर पार्टी निरंतर जनसेवा का कार्य कर रही है।

पूर्व जिलाध्यक्ष किशोर शाह ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया तथा कांग्रेस की कार्यप्रणाली की आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करता है।

बैठक में जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।